अध्याय 8: पर्यावरणीय सुरक्षा

हांगकांग की 1,104 वर्ग किलोमीटर भूमि लगभग 7 मिलियन लोगों का घर है। खड़े पहाड़ों और सख्त योजना नियंत्रणों के परिणामस्वरूप अधिकांश जनसंख्या शहरी विकास के 225 वर्ग किलोमीटर में निवास करती है। जनसंख्या की सघनता और आर्थिक गतिविधियों के कारण पर्यावरण पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। हांगकांग के नागरिक के रूप में, आप पर्यावरण की सुरक्षा हेतु सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पर्यावरणीय सुरक्षा विभाग

पर्यावरण ब्यूरों के अंतर्गत पर्यावरणीय सुरक्षा विभाग (EPD) की पर्यावरण के लिए समग्र नीतियों के लिए जिम्मेदार है। यह पर्यावरणीय नीतियों को क्रियान्वित करता है, पर्यावरणीय योजना और आकलन के निष्कर्षों का वीक्षण करता है, पर्यावरणीय कानून की समीक्षा और प्रवर्तन करता है, तरल एवं ठोस कचरा निपटान के लिए योजना निर्माण और सुविधाओं का विकास करता है, और पर्यावरणीय प्रबंधन और ऑडिटिंग तथा रिपोर्टिंग को बढ़ावा देता है। यह समुदाय में पर्यावरणीय जागरूकता को भी बढ़ावा देता है।

पूछताछ और प्रदूषण शिकायतें

यदि वायु, ध्वनि, गंदे पानी, अपशिष्ट और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों के संबंध में आपके कोई प्रश्न या शिकायतें हैं तो आप EPD की ग्राहक सेवा हॉटलाइन पर **2838-3111** कॉल या फैक्स कर सकते हैं। आप EPD की वेबसाइट के माध्यम से भी हमारे पास एक प्रदूषण शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

वायु गुणवत्ता स्वास्थ्य सूचकांक

EDP वायु गुणवत्ता स्वास्थ्य सूचकांक (AQHI) का उपयोग बाहरी पर्यावरण में वायु प्रदूषण के अलग-अलग स्तरों में पड़ने के कारण होने वाले अल्प-कालिक स्वासृथ्य जोखिम के बारे में जनता को बताने के लिए कर रहा है। यह जानकारी जनता को खुले में उनकी शाररिक गतिविधियों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों तथा हृदय या श्वसन की मौजूदा बीमारी वाले लोगों जैसे संवेदनशील समूहों के लिए जरूरी एहतियाती उपाय करने संबंधी निर्णय लेने देती है।

AQHI सूचना का प्रसारण रेडियो, टेलीविजन और समाचार-पत्र द्वारा किया जाता है। आप नवीनतम जानकारी EPD की वेबसाइट http://www.aqhi.gov.hk/en.html पर; AQHI मोबाइल ऐपसे और AQHI हॉलाइन पर **2827-8541**कॉल करके भी प्राप्त कर सकत हैं।

पर्यावरण स्रोत

EPD ने दो पर्यावरणीय स्रोत केंद्र (ERC), एक पर्यावरण शिक्षा केंद्र (EEC) और एक मोबाइल ERC स्थापित किए हैं जो लोगों को पर्यावरणीय जानकारी तक आसान पहुँच प्रदान करते हैं। दर्शक वहीं प्रदर्शनियां देखने जा सकते हैं, और जहंा लागू हो समूहों के लिए अग्रिम बुकिंग के माध्यम से मार्गदर्शी दौरे और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

ERC/EEC	पता	पूछताछ
Wan Chai ERC[ध्यान दें]	221 Queen's Road East Wan Chai, Hong Kong	2893-2856
Fanling ERC	2/F, Government Accommodations Grand Regentville, 9 Wo Mun Street Luen Wo Hui, Fanling, NT	2600-4016
Mobile ERC	Community Relations Unit 5/F, Southorn Centre 130 Hennessy Road, Wan Chai Hong Kong	2835-1003
Lung Fu Shan EEC	50 Kotewall Road Mid-Levels, Hong Kong	2975-9031

[ध्यान दें] नवीनीकरण के लिए लगभग Q1 2021 तक अस्थाई रूप से बंद

पर्यावरणीय जागरूकता

EPD ने अनेक अभियानों और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता में पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा नियुक्त पर्यावरण अभियान समिति (ECC) के साथ मिलकर कार्य किया है। अपशिष्ट कटौती, रीसायकलिंग, न्यून-कार्बन जीवन, ऊर्जा और प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों और सरकार के अन्य पर्यावरण संबंधी प्रयासों को पूरा साल आयोजित किया जाता है। पर्यावरण और संरक्षण निधि (ECF) द्वारा सामुदायिक पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्थानीय गैर-लाभ आधारित संगठनों की सहायता के लिए धन प्रदान किया जाता है। गतिविधियों का विवरण यहां से प्राप्त किया जा सकता है:

EPD

कस्टमर सर्विस हॉटलाइन : **2838-3111 (टेलीफोन और फैक्स)**
वेबसाइट : www.epd.gov.hk

ECC

पूछताछ हॉटलाइन : **2519-9173**
वेबसाइट : www.ecc.org.hk
फेसबुक/इंस्टाग्राम : ecc1990